अमर उजाला

हमारा अखबार

अमर उजाला. देहरादून. 06 मार्च 2023

मेडिकल और नर्सिंग कालेज में स्थापित होगा ई-ग्रंथालय

मेडिकल छात्रों का अनिवार्य रूप से होगा पंजीकरण

देहरादून। प्रदेश के सभी राजकीय मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज में ई-ग्रंथालय स्थापित किए जाएंगे। इससे मेडिकल और नर्सिंग कालेज नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी से भी जुड़ सकेंगे। मेडिकल संस्थानों में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं का ई-ग्रंथालय में पंजीकरण किया जाएगा।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने यमुना कालोनी स्थित शासकीय आवास में चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों में ई-ग्रंथालय स्थापित करने के निर्देश दिए।

इससे मेडिकल छात्र देशभर के मेडिकल शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध पुस्तकों, शोध पत्र, पत्रिकाओं का अध्ययन कर सकेंगे। ब्यूरो

मेडिकल व नर्सिंग कॉलेजों के लिए जल्द तैयार होगा पोर्टल : डॉ. रावत ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग की तर्ज पर शीघ्र ही प्रदेश भर के सरकारी, निजी मेडिकल कालेज, नर्सिंग कॉलेज ई-ग्रंथालय से जुड़ने छात्र-छात्राओं को कैटलागिंग की आधुनिक डिजिटल सुविधा के साथ देश दुनिया की पुस्तकें, शोध पत्र व पत्रिकाएं अध्ययन के लिए उपलब्ध हो सकेंगे। मेडिकल व नर्सिंग कॉलेजों के लिए शीघ्र ही एनआईसी अलग से एक पोर्टल तैयार करेगी। जिसके माध्यम से छात्रों का पंजीकरण किया जाएगा। डॉ. रावत ने बताया कि इससे पहले उच्च शिक्षा विभाग के तहत सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में ई-ग्रंथालय की स्थापना कर दी गई है, जिसमें 21 लाख से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं।